# बाढ़ का मुकाबला

## TEXTUAL QUESTIONS AND ANSWERS

---

**1. समीरण के गाँव और उसके आस-पास के क्षेत्र में क्यो बाढ़ आई थी ?**

**उत्तर :-** सावन के महीने में कई दिनों से लगातार बारिश होने के कारण समीरण के गाँव और उसके आस-पास के क्षेत्र में बाढ़ आई थीं।

**2. पाठ में उल्लिखित राहत शिविर की स्थिति का वर्णन करो।**

**उत्तर :-** राहत शिविर में लोगों को खाद्य, पानी कपड़ा समेत सभी तरह की मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। वहाँ लोग स्वास्थ के प्रतिकूल वातावरण में जी रहे है।

**3. समीरण के सहयोगियों के नाम लिखो।**

**उत्तर :-** समीरण के सहयोगियों के नाम है अब्दुल, मृदुल ।

**4. राहत शिविर में किन-किन सामग्रियों का अभाव था ?**

**उत्तर :-** राहत शिविर में खाद्य, कपड़ा, पानी, दवाइयाँ आदि सामग्रियों का अभाव था।

**5. बाढ़ राहत संबंधी सभा में क्या-क्या निर्णय लिए गए ?**

**उत्तर :-** बाढ़ राहत संबंधी सभा में ये निर्णय लिए गए –

(क) शीघ्र ही जिला उपायुक्त को एक आवेदन पत्र लिखकर राहत सामग्री मुहैया कराने का अनुरोध करना।

(ख) स्वास्थ अधिकारी को एक शिकायती पत्र लिखकर सुविधा प्रदान करने के लिए प्रार्थना करना।

**6. आवेदन पत्र और शिकायती पत्र लिखने में किसने समीरण और रश्मि की मदद की ?**

**उत्तर :-** आवेदन पत्र और शिकायती पत्र लिखने में माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री बरुवा सर ने समीरण और रश्मि की मदद की।

**7. आवेदन पत्र में उपायुक्त महोदय से क्या प्रार्थना की गई ?**

**उत्तर :-** आवेदन पत्र में बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए प्रार्थना की गई।

**8. शिकायती पत्र का विषय क्या था ?**

**उत्तर :-** शिकायती पत्र का विषय था स्वास्थ संबंधी यथोचित सुविधा प्रदान के लिए प्रार्थना।

**9. बाढ़ राहत संबंधी सभा के अध्यक्ष कौन थे ?**

**उत्तर :-** बाढ़ राहत संबंधी सभा के अध्यक्ष थे परमानंद दास ।

**10. बाढ़ पीड़ितों ने कब राहत की साँस ली ?**

**उत्तर :-** जब प्रशासन की ओर से बाढ़ राहत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया गया, तब बाढ़ पीड़ितों ने राहत की साँस ली।

## अतिरिक्त प्रश्नोत्तर :

1. प्रस्तुत पाठ के अनुसार किस महीने में बारिश की मात्रा ज्यादा होती है ?

**उत्तर :-** सावन के महीने में।

2. प्रस्तुत पाठ में किस क्षेत्र के बाढ़ का वर्णन है ?

**उत्तर :-** गोलाघाट।